

# कचनार में घटयात्रा के साथ पंचकल्याणक महोत्सव आज से प्रारंभ

## कस्बे को दिया गया है आकर्षक रूप, 18 हजार वर्गफिट में बनाया गया पंडाल



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** जिले के प्राचीन कस्बा में रविवार 1 फरवरी से 7 फरवरी तक पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव का आयोजन मुनि दुर्लभसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ घटयात्रा और श्रीजी की शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। जिसके चलते कचनार कस्बे को आकर्षक रुप से सजाया जा रहा है। कचनार में नवीन मंदिर बनाया गया है, जिसमें भगवान पारसनाथ की 7 फीट ऊंची नवीन प्रतिमा विराजमान होगी। पंचकल्याणक महोत्सव में कदवाया, करैया राय, अथाईखेड़ा, आरोन सहित अन्य जगहो से आने वाली प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा भी की जायेगी। कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार सुबह अभिषेक पूजन से होगा। दोपहर 12 बजे जैन मंदिर से घटयात्रा एवं श्रीजी की शोभायात्रा निकाली जायेगी, जो मंदिर से प्रारंभ होकर प्राचीन गढ़ी, बस स्टेंड से मेन रोड से होते हुए कार्यक्रम स्थल अयोध्या नगरी पहुंचेगी। पंचकल्याणक को लेकर कचनार के प्रमुख मार्गो व मंदिर परिसर को रंग बिरंगी चुनरियों से सजाया गया है और राजपुर रोड बगीचे के पास अयोध्या नगरी सजाई गई है।

**पंचकल्याणक में ऐसी होगी व्यवस्था:**

पंचकल्याण महोत्सव के लिए 18 हजार वर्ग फीट में पांडाल बनाया गया है, वहीं 3500 वर्ग फीट में बनाई गई है स्टेज, स्टेज के पास मुख्य पात्रों के लिए 6 कमरे बनाए गये है। साथ ही 2700 वर्ग फीट में बनाया गया है रसोईघर, 450 वर्ग फीट में भोजन के लिए बनाई गई विशेष बैठक व्यवस्था और 7200 वर्ग फीट में विश्रामगृह व इंद्र इंद्राणियों के लिए भोजनशाला अलग से बनाई गई। 7200 वर्ग फीट में श्रद्धालुओं के लिए भोजनशाला तैयार की गई है। इसके अलावा 5 कार्यालय बनाये गये है जहां यात्रियों को आसानी से जानकारी मिल सकेगी। साथ ही 15 व्हीआईपी रुम और अयोध्या नगरी में प्रवेश के लिए दो बड़े द्वार बनाए जा रहे है। मेला परिसर में दुकाने भी तैयार करने के साथ ही अशोकनगर व आरोन से श्रद्धालुओं के लिए बसों की निशुल्क व्यवस्था की गई है।

**आज से होंगे यह कार्यक्रम:**

पंचकल्याण महोत्सव में 1 फरवरी को घट यात्रा निकाली जायेगी और अयोध्या नगरी में पूजन व ध्वजारोहण होगा। मंडप उदघाटन, मंडप शुद्धि, मंडल शुद्धि, पात्रों का सकलीकरण एवं श्रीजी का अभिषेक व शांतिधारा होगी। वहीं 2 फरवरी को यागमंडल विधान, इंद्र प्रतिष्ठा एवं नांदीविधान होगा साथ ही मंगल कलश स्थापना, शांति कलश अखंड दीप स्थापना के साथ शाम को महाआरती एवं प्रवचन के साथ भगवान की माता के गर्भकल्याणक का पूर्व रुप दिखाया जायेगा। सौधर्म इंद्र की सभा होगी, गीत व नृत्य के आयोजन भी होंगे। 3 फरवरी को माता के गर्भकल्याणक का उत्तरार्द्ध रुप दिखाया जायेगा। 4 फरवरी को भगवान का जन्म होगा और जन्मकल्याणक का जुलूस निकलेगा। सौधर्म इंद्र पांडुक शिला पर भगवान का अभिषेक करेंगे, 5 फरवरी को तपकल्याणक की क्रियांऐ होंगी, 6 फरवरी को ज्ञानकल्याणक मनाया जायेगा और 7 फरवरी को भगवान का मोक्षकल्याणक मनाया जायेगा और विश्वशांति महायज्ञ होगा गजरथ की फेरी निकलेगी। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग पहुंचेगें।

## एक नजर में



### स्कूल की भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**अशोकनगर।** एंटी भू माफिया अभियान के तहत जिलेभर में भूमाफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में ग्राम बनयाई में शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। जिस भूमि का अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया है, उसकी बाजारू कीमत लगभग 42 लाख रूपये बताई गई है।

जानकारी के अनुसार तहसीलदार अशोकनगर के प्रकरण क्रमांक 50, 51/अ 68/2025-26 से ग्राम बनयाई स्थित शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 182 में 0.945 हेक्टेयर शासकीय स्कूल एवं खेल मैदान पर से मुकेश पुत्र भैयालाल कुशवाह, कमल सिंह पुत्र लालाराम कुशवाह, राजाराम पुत्र भागचंद कुशवाह, कैलाश पुत्र दिमान सिंह कुशवाह, दशरथ पुत्र सुखलाल कुशवाह, गणेशराम पुत्र भागचंद कुशवाह द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण पर जेसीबी चलाते हुए अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया गया।

### आज से चार दिवसीय दौरे पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया, विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगे भाग

**अशोकनगर।** आज से 4 फरवरी तक केंद्रीय मंत्री सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया जिले के प्रवास पर रहेंगे। जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान श्री सिंधिया ग्राम सोवत में सिंध नदी पर बने पुल का उद्घाटन करेंगे, इसके अलावा अशोकनगर में शोक संतप्त परिवारों के यहां दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने भी जाएंगे। अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री सिंधिया 1 फरवरी को भोपाल से रात्रि 8 बजे प्रस्थान कर रात्रि 11.45 अशोकनगर आयेगें तथा रात्रि विश्राम करेगें। श्री सिंधिया 2 फरवरी को प्रात 09.45 बजे से 10.15 बजे तक सर्किट हाउस में स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगें। प्रात10.15 बजे से 11 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेगें। प्रात11.10 बजे से दोपहर 12.10 बजे तक जनसंपर्क ऑफिस कलेक्ट्रेट के पास में आमजन से मुलाकात करेगें। दोपहर 12.15 बजे से दोपहर 01.45 बजे तक कलेक्ट्रेट में आयोजित दिशा की मीटिंग में भाग लेगें। दोपहर 01.45 से 02.15 बजे तक कलेक्ट्रेट में प्रेस कान्फ्रेंस करेगें। दोपहर 02.40 बजे शासकीय लॉ कॉलेज में कॉल सेंटर का निरीक्षण करेगें तथा दिव्यांग शिविर में दिव्यांगजनों को किट का वितरण करेगें। सायं 05.15 बजे से 06.15 बजे तक सोवत में सिंध नदी के ब्रिज का उद्घाटन करेगें। श्री सिंधिया स्थानीय भ्रमण के दौरान सायं 07 बजे पवारगढ़ में मलकीत सिंह संधु, सायं 07.20 बजे राजेश एवं उपेन्द्र पाराशर, सायं 07.35 बजे ओमप्रकाश चौधरी, 07.50 बजे बादाम सिंह लोधी, 8.10 बजे अनुज राजेन्द्र कलावत, 08.30 बजे सुनील कुमार जैन के यहां पहुंचेगें तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस अशोकनगर में करेगें। श्री सिंधिया 3 फरवरी को प्रात10.30 बजे अशोकनगर सर्किट हाउस से धुर्रा के लिए रवाना होगे।

# फर्जी शिकायतों से कटवाए जा रहे कांग्रेस के वोट : राय

## कांग्रेस ने प्रेसवार्ता आयोजित कर लगाया मतदाता सूची में नाम कटवाने का आरोप




नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** मतदाता सूची में नाम काटने की फर्जी शिकायतें करने के लिए कुछ लोगों ने एक पूरा सिस्टम बना रखा है। जो कांग्रेस के वोटरों का टारगेट कर उनके नाम कटवाये जा रहे है यह बात शनिवार को कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान क्षेत्रीय विधायक हरिबाबू राय ने कहीं।

तो वहीं प्रेसवार्ता के दौरान मतदाता सूची से नाम काटे जाने को लेकर गंभीर आरोप लगाए। पार्टी ने दावा किया कि कुछ लोग फर्जी तरीके से नाम काटने का एक पूरा नेटवर्क चला रहे हैं। साथ ही विधायक राय ने यह भी आशंका जताई कि नाम कटवाने वाले ये लोग एक कार्यालय चला रहे हैं और उनके पास नामों की सूची हो सकती है, जिससे वे मुस्लिम और अनुसूचित जनजाति वर्ग के मतदाताओं की पहचान करते हैं। विधायक राय ने दावा किया कि मुख्य रूप से कांग्रेस के मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा है और जिले में हजारों लोगों के नाम इस तरह से काटे गए हैं।

**नाम किसी का और नंबर किसी और का:**

कांग्रेस नेताओं के अनुसार यह नेटवर्क लिफाफों में शिकायतें भेजकर मतदाता सूची से नाम कटवा रहा है। इन शिकायतों में किसी एक व्यक्ति का नाम शिकायतकर्ता के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, जबकि मोबाइल नंबर किसी और व्यक्ति का लिखा होता है। इस दौरान विधायक हरीबाबू राय, कांग्रेस महा सचिव यादवेंद्र सिंह यादव और जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कुशवाहा ने आरोप लगाए कि जिले भर में इस तरह की कई फर्जी शिकायतें की जा रही हैं जो एक सुनियोजित षड्यंत्र है।

**अनुसूचित जनजाति और मुस्लिम समुदाय के काटे नाम:**

प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस नेताओं ने मतदाता सूची में नाम कटवाये जाने के उदाहरण भी बताए, जिनमें ग्राम चिरवांस में 61 और ग्राम कर्र में 35 नाम काटे गए हैं। ये नाम मुख्य रूप से मुस्लिम समुदाय और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों के हैं। इसके अलावा, कई अन्य गांवों से भी नाम काटे जाने की शिकायतें मिली हैं। प्रेसवार्ता के दौरान नेताओं ने बताया कि जिन लोगों को शिकायतकर्ता दर्शाया गया है, उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है। उनके नाम का इस्तेमाल मतदाता सूची से दूसरों के नाम कटवाने के लिए किया जा रहा है। इसमें शिकायतकर्ता का नाम और मोबाइल नंबर अलग-अलग व्यक्तियों का होता है।

### युवक से 1.09 लाख रुपए की ठगी

**अशोकनगर।** जिले में साइबर ठग नए-नए हथकंडों से लोगों को जाल में फंसा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के शंकरपुर मगरदा का है, जहां एक युवक को गूगल रेटिंग टास्क और फर्जी ट्रेडिंग ऐप का लालच देकर साइबर अपराधियों ने एक लाख नौ हजार रुपए की ठगी कर ली। जानकारी के अनुसार शंकरपुर मगरदा निवासी भानू प्रकाश शर्मा को टेलीग्राम के माध्यम से एक लिंक भेजा गया, जिसमें गूगल पर रेटिंग देने के बदले रुपए कमाने का टास्क दिया गया। शुरुआत में ठगों ने विश्वास जीतने के लिए युवक के खाते में 500 और फिर 1000 रुपए ट्रांसफर किए। आसान कमाई के लालच में युवक उनके झांसे में आ गया। इसके बाद आरोपियों ने उसे एक फर्जी ट्रेडिंग ऐप में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। ऐप पर शुरू में लाभ दिखाकर 500-1000 रुपए का मुनाफा दिया गया।

# श्रद्धा के साथ मनाया गया श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव





नवभारत न्यूज

**शाढ़ौरा। श्री विश्वकर्मा जी का जन्म उत्सव नगर में पूरे श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया।**

इस अवसर पर श्री हनुमान टेकरी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर पर समाज द्वारा पूजा-अर्चना एवं महाआरती का आयोजन किया गया। शनिवार सुबह सभी समाज बंधुओं ने एकत्र होकर विधिविधान से भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना की। इसके पश्चात भव्य महाआरती संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के बाद उपस्थित भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए नगर ओझा समाज के अध्यक्ष हरनाम ओझा ने बताया कि 17 सितंबर को पूरे विश्व में श्री विश्वकर्मा भगवान का पूजन दिवस मनाया जाता है, जिसमें इंजीनियरिंग, मशीनरी एवं औजारों से जुड़े लोग अपने कार्य उपकरणों की पूजा करते हैं। वहीं श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव के अवसर पर समाज के आराध्य, सृष्टि के रचयिता भगवान श्री विश्वकर्मा जी का विधिवत पूजन-अर्चन समाज द्वारा किया जाता है। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के अनेक समाज बंधु एवं नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने भगवान श्री विश्वकर्मा जी से समाज की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की

# मारपीट करने वाले दबंगों पर कार्रवाई की मांग



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर। मुंगावली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम किरौला में पुरानी रंजिश को लेकर दबंगों द्वारा एक ही परिवार पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है।**

आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए कुल्हाड़ी और लाठियों से मारपीट की, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ितों ने शनिवार दोपहर के समय पुलिस कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक के नाम एएसपी गजेंद्र सिंह को आवेदन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है। घटना 29 जनवरी की शाम करीब 8 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित रामकृष्ण लोधी के अनुसार रामकुमार, बिजपाल, जयपाल लोधी और एक अन्य आरोपी घर पहुंचे और बिना कारण अश्लील गालियां देने लगे। विरोध करने पर जयपाल ने रीना बाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और 20 टांके लगे। वहीं रामकृष्ण के सिर पर भी वार कर घायल किया गया, जिन्हें 14 टांके आए। बीच-बचाव करने पहुंचे कंछेदी लोधी पर लाठी से हमला कर उनका हाथ फ्रैक्चर कर दिया गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना की शिकायत मुंगावली थाने में देने के बावजूद अब तक आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। इससे नाराज परिजनों ने पुलिस अधीक्षक के नाम आवेदन सौंपकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

**बैठक** | **सवर्ण समाज एकता मंच ने बैठक आयोजित कर लिया निर्णय**

# यूजीसी पर घमासान जारी : शाढौरा और मुंगावली में आज नगर बंद

नवभारत न्यूज

**मुंगावली।** सकल स्वर्ण समाज सदस्यों के द्वारा आनंद टॉकीज परिसर में यूजीसी बिल 2026 के विरोध में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सकल सवर्ण समाज के लोग एकजुट होकर बैठक में शामिल हुए। बैठक में कहा गया कि वर्तमान में लाया जा रहा यूजीसी बिल 2026 सामान्य वर्ग के छात्रों को किसी भी प्रकार का संरक्षण नहीं देता है, जिससे भविष्य में इस कानून के दुरुपयोग की संभावना बनी रहेगी। जिसमें यह भी उल्लेख किया गया कि इस बिल के लागू होने से समाज में जातिगत भेदभाव बढ़ सकता है तथा विश्वविद्यालय परिसर राजनीति का केंद्र बन सकते हैं। इससे सामान्य वर्ग के छात्रों में अपने भविष्य को लेकर चिंता व्याप्त है। स्वर्ण समाज ने स्पष्ट किया कि वे समानता में विश्वास रखते हैं और सभी जाति-धर्म के छात्रों का सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। समाज की मांग है कि यूजीसी बिल 2026 को तत्काल वापस लिया जाए।

बैठक में बताया कि हमारा देश जब से स्वतंत्र हुआ जबसे प्रतिनिधित्व अधिकांश सवर्ण ने ही किया है ज्ञान दान में प्रारम्भ से ही ब्राह्मणों ने दिया है हमारे देश के विकास में हमारे पूर्वजों एवं देश में अन्य समाज के लोगों द्वारा देश के विकास ओर हित के लिए किया हैं ओर बताया कि स्थिति ऐसी बन गई है अगर हमारे बच्चों के भविष्य को सुरक्षित अध्ययन कराना है, तो यह काला कानून वापस होना चाहिए जिसमें बताया कि पहले तो जंगल से डाकू आते थे पर अब तो स्थिति यह होगी हमारे विरोधी को ही पास बैठाएंगे ओर कब उसका मूड खराब हो जाए और कब हमारे बच्चों के विकास में बाधा डाल दे ओर उनका भविष्य ख़राब कर दे इसकी कोई गारंटी नहीं होगी और अगर बच्चे का प्रकरण अदालत में पहुंच गया तो उसका भविष्य खराब हो गया और जो व्यक्ति हमारे बच्चे का भविष्य ख़राब करेगा उसके विषय में किसी प्रकार की जांच नहीं की जाएगी अगर उसने झूठा प्रकरण भी बनाया तो ना उसकी जांच होगी ना कानूनन उस पर कोई कार्रवाई होगी, जिसमें आशीष पालीवाल के द्वारा बताया कि विडम्बना यह है कि 70,80 साल कुर्बानी दी सामान्य वर्ग ने यह कभी दौसा रोपण नहीं रोया कि हमारे बच्चे आगे नहीं बढ़ पाए तमाम आरक्षण ना मिलने के बाबजूद भी इस देश में पदों को सुशोभित किए हुए हैं और बताया कि अन्य वर्ग ने कुर्बानी देकर कहा कि आप भी आगे आए मुख्य धारा आइए भले ही हमको 90त्नलाना पढ़े 10 प्रतिशत में नौकरी पा लो कोई दिक्कत हुई ना कोई आंदोलन हुआ ना सड़कों पर उतरे एससी एसटी एक्ट। आया उसमें भी सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन बदल दी गई बिना जांच के कार्यवाही होने लगी वो एक तरफा उसके दायरे में सभी लोग आते हैं, जिसमें ऐसे कई मामले है जिसमें 90,95 प्रतिशत मामले झूठे होते हैं सरकार को यह देखना चाहिए कि 95 प्रतिशत मामले झूठे तो संख्या कहा ज़्यादा है प्रतिशत अन्याय ज्यादा है या न्याय का, जब 95 प्रतिशत झूठे आरोप लगाए गए हैं कानून उनके लिए भी हो कि यह झूठे हैं तो उन पर भी करवाई हो और इस देश में जो भी राजनीतिक लोग इकट्ठे होकर राम के देश में रावण को सांसद बन कर भी सांसद बन जाते हैं रावण नाम रख कर भी यह बड़ी विडंबना है कि आप अपने आप को रावण बोलते हैंऔर उसके बाद भी देश किस ओर जा रहा है उसका कारण भी यह है कि सामान्य वर्ग राजनितिक रूप से इकठ्ठा नहीं है और बताया कि किस प्रकार से यह कानून से परेशानियां बढ़ेंगी इसके विरोध में सभी परिवार की महिलाओं ओर बच्चों के साथ इस आंदोलन में शामिल होना होगा और प्रशासन को यह ज्ञापन देना है, अगर आंदोलन होगा तो विद्रोह होगा तो हमारा देश पीछे रहेगा वहीं बैठक के दौरान यह भी घोषणा की गई कि 1 फरवरी को नगर बंद का आह्वान किया गया। जिसमें सभी सवर्ण समाज के लोगों नगर परिषद ग्राउंड में 11 बजे एकत्रित होंगे और शांति पूर्ण तरीके से ज्ञापन देने के लिए तहसील परिसर तक रैली के रूप में जायेंगे और इस काले कानून को वापस लेने के लिए ज्ञापन देंगे

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन

**शाढ़ौरा।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा लाए जा रहे नवीन बिल के विरोध में आज नगर पूरी तरह बंद रहेगा। सामान्य वर्ग के छात्रों के हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए स्थानीय नागरिकों और विभिन्न संगठनों ने बंद का आह्वान किया है। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा जाएगा। कार्यक्रम के संबंध में समाजसेवी नीतू रामकृष्ण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यूजीसी का नया बिल सामान्य वर्ग के मेधावी छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सरकार इस विवादित बिल को तत्काल वापस ले या इसमें ऐसे संशोधन करे जिससे सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके।



# 70 मरीजों का किया परीक्षण

**अशोकनगर।** रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन शिवपुरी के अंतर्गत रोटरी परिवार एवं श्रीमंत माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन के सहयोग से मध्य प्रदेश शासन द्वारा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अथाईखेड़ा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी, भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री लखन यादव की विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्टाफ ने 70 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं आवश्यक होने पर दवाइयां दी। ज्यादा गंभीर बीमारी के मरीजों को 21 मार्च से 28 मार्च 2026 तक शिवपुरी में आयोजित विशेष शिविर में इलाज के लिए भेजा जाएगा, जहां विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम उनका इलाज करेगी।


**नाम परिवर्तन सूचना**

JAYADA BANO W/O NISAR KHAN आयु व्यस्क निवासीः वार्ड न 12 बरखेड़ी मेवाती पोस्ट दौराना गुना मेरे पासपोर्ट में पहले मेरा नाम JAYEDA BAI दर्ज था जो की बदल कर मेरा नाम JAYADA BANO हो गया है अब मेरे दस्तावेज में मेरा नाम यही है अब इसी नाम से जाना व पेहचाना जायगा आगे भविष्य में इसको लेकर कोई वादविवाद होता है तो इसकी जिम्मेदार स्वयं में रहूँगी।